दिनांक : 25.09.2024 समय : 02.10pm

प्रादेशिक समाचार

पीएम-मेक इन इंडिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया पहल के दस वर्ष पूरे होने का स्वागत किया है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मेक इन इंडिया भारत को विनिर्माण और नवाचार शक्ति केंद्र बनाने के एक सौ चालीस करोड भारतीयों के सामूहिक संकल्प का उदाहरण है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश के सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही इस अभियान की शुरूआत करने और इसे गति देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हार्दिक अभिनन्दन किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि " देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाते हुए वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि में निर्णायक सिद्ध हो रहे 'मेक इन इंडिया' अभियान की 10वीं वर्षगांठ पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने इन 10 वर्षों में अपने विजन 'मेक इन इंडिया- मेक फॉर द वर्ल्ड ' के संकल्प को साकार करके दुनिया को दिखाया है।

सोयाबीन खरीदी

प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की खरीदी के लिए आज से पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 25 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2024 तक राज्यभर में खरीदी प्रक्रिया चलेगी। यह खरीदी राज्य के विभिन्न जिलों में स्थापित किए गए केंद्रों पर होगी, जहां नेफेड और एनसीसीएफ जैसी केंद्रीय संस्थाएं मार्कफेड के माध्यम से खरीदारी करेंगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 4892 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। पंजीयन करवाने के लिए किसानों को कुछ जरूरी दस्तावेज रखने होंगे। इनमें आधार कार्ड और बैंक पासबुक शामिल हैं। इन दस्तावेजों के साथ, किसान

नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) या एमपी ऑनलाइन सेंटर पर जाकर अपना पंजीयन करवा सकते हैं।

राज्यपाल शपथ

आज राजभवन, भोपाल में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने जस्टिस सुरेश कुमार कैत को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

सरकार 100 दिन/किसान, नरसिंहपुर

केंद्र में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरा होने पर नरसिंहपुर जिले की किसानों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 2014 से जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है तब से किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है और उनकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। इसके साथ ही साथ पीएम आवास जैसी योजनाओं का लाभ भी किसानों को मिला है जिससे किसानों के जीवन स्तर में बदलाव आया है।

दीनदयाल उपाध्याय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने शरीर, मन, बुद्धि, आत्मा से मानवता का भला करने का दर्शन दिया। उनका मानना था कि देश की जड़ों से जुड़कर हम कार्य करें और अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक का भला करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष में लाल घाटी स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर संबोधित कर रहे थे। इस अवसपर पर सांसद वी.डी. शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के आधार पर ही विश्व के सबसे बड़े संगठन ने अपना विस्तार किया। उन्होंने कहा कि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को धरातल पर उतारने के पुनीत कर्तव्य को समर्पित हैं।

स्वच्छता ही सेवा

स्वच्छता ही सेवा को लेकर प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज छिंदवाड़ा जिले के सभी शासकीय कार्यालयों और परिसरों में मेरा कार्यालय स्वच्छ कार्यालय थीम पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। खण्डवा में श्री हुकुमचंद यादव शासकीय नवीन आदर्श स्नातक महाविद्यालय में विद्यार्थियों और स्टाफ ने स्वच्छता की शपथ ली। पूनम चंद गुप्ता कॉलेज में ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान के तहत पर्सनल हाइजीन पर एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया गया, जिसके बाद नगर निगम की टीम द्वारा स्वच्छता के महत्व पर संवाद किया। आकाशवाणी भोपाल में भी आज अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा जिले में चरनोई भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाने हेतु चलाए गए अभियान के तहत अब तक 295 हेक्टयर यानी 1475 बीघा भूमि को प्रषासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त करवाया गया है।